हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 28 अप्रैल 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान

अधिकतम 34.0 डिग्री

न्यूनतम 22. 0 डिग्री

4 राष्ट्रीय सचिव के सामने कांग्रेस कार्यकर्ताओं का फूटा गुस्सा



## खबर संक्षेप

### बलौदा-जांजगीर पहुंच मार्ग में धूल का गुबार

**जांजगीर-चांपा।** बलौदा से जांजगीर तक सड़क पर जगह-जगह गड्ढों के चलते सड़क जर्जर हो चुकी है। बलौदा से जावलपुर, जर्वे, सिवनी में बड़े-बड़े गड्ढे में डस्ट भरा गया है, लेकिन वाहनों के चलने से राहगीरों को चलने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बलौदा से जांजगीर पहुंच मार्ग अति व्यवस्तम मार्ग है। जिससे होकर लोग आना जाना करते हैं, लेकिन जब भी इस मार्ग में चलो, चंद मिनट की दूरी के सफर के लिए घंटों लग जाते हैं। यह मार्ग बिलासपुर- रायगढ़ को जोड़ता है, जहां से होकर विशालकाय गाड़ियां गुजरती है। सड़क पर कार्य के दौरान वातावरण प्रदूषित न हो इसलिए शासन द्वारा प्रतिदिन पानी का छिड़काव किया जाना चाहिए। जिससे लोगों को कोई परेशानी न हो परंतु शासन द्वारा पानी का छिड़काव नहीं कराए जाने से व गाड़ियों के आवाजाही से सड़क पर पूरे दिन धूल का गुबार उड़ता रहता है। हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। पानी छिड़काव नहीं होने से चारों तरफ धूल उड़ती रहती है। बलौदा जांजगीर मुख्य मार्ग में वाहन चालक सहित लोगों आसपास रहवासियों व राहगीरों का जीना दूभर हो गया है।

### जिला मुख्यालय से लगी जमीन पर अवैध प्लाटिंग

**जांजगीर-चांपा।** जिला मुख्यालय जांजगीर से लगे गांवो की कृषि भूमि की खरीदी कर अवैध रूप से प्लाटिंग की जा रही है। अवैध प्लाट काटकर ऊंचे दामों पर बिक्री का खेल चल रहा है। कार्यवाही नहीं होने से भूमाफियाओ के हौसले बुलंद है। जिला मुख्यालय जांजगीर से लगे गांव पेन्ड्री, मुनुंद, खोक्सा, खोखरा, दर्राभाठा, बनारी सहित आसपास के गांव के निजी जमीन को कई भूमाफिया खेती करने के नाम पर खरीद तो लेते है, लेकिन इन जमीनो का उपयोग खेती करने के बजाय अलग अलग तरीके से जमीन को कई टुकडों में बांट दिया जाता है। अवैध रूप से प्लाटिंग कर जमीन को कई गुने दामो पर बेच भी दिया जाता है। इसके बावजुद कार्रवाई नही होने से भुमाफियाओ के हौसले भी बुलंद होते चले जा रहे है।

### नाबालिग से छेड़छाड़ आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** नाबालिक बालिका को छेड़छाड़ करने वाला आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला पामगढ थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार नाबालिक बालिका अपने घर में रात्रि में बाथरूम करने के लिए निकली थी तभी आरोपी द्वारा बुरी नियत से छेड़छाड़ करने लगा। पीड़िता के चिल्लाने पर आरोपी वहां से भाग गया। रिपोर्ट पर आरोपी के विरुद्ध थाना पामगढ़ में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस ने आरोपी साहिल खरे को हिरासत में लेकर घटना के संबंध में पूछताछ की। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर 27 अप्रैल को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

### शादी का झांसा देकर दैहिक शोषण, आरोपी पकड़ा गया

**जांजगीर-चांपा।** शादी का झांसा देकर दैहिक शोषण करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला पामगढ़ थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पीड़िता और आरोपी फेसबुक के माध्यम से एक दूसरे का जान पहचान होने से दोनों एक दूसरे से बात करते थे। इसी बीच आरोपी द्वारा पीड़िता को शादी करने का झांसा देकर दैहिक शोषण किया। सूचना रिपोर्ट पर आरोपी के विरुद्ध थाना पामगढ़ में धारा 64 (2) (एम) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पामगढ़ पुलिस द्वारा आरोपी के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी अमित कुमार अंचल को पकड़ा, जिसको हिरासत में लेकर घटना के संबंध में पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किए जाने से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

### वाहनों के कलपुर्जे हो रहे गायब, पानी का सिस्टम भी खराब

# देखरेख के अभाव में पड़े-पड़े कंडम हो रहे चलित बायोटेक शौचालय

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जनपदो में भेजे गए चलित बायोटेक शौचालय देखरेख के अभाव में जहां तहां पड़े पड़े कंडम हो रहे है। कही वाहनो के पूर्जे खराब हो रहे है तो कही पानी एवं अन्य संसाधनो की समस्या के चलते इनका उपयोग नही हो पा रहा है। जिसके चलते जनपदो में अपने कामकाज कराने पहुंचे लोगो को प्रसाधन की समस्या से जुझना पड जा रहा है।

गौरतलब है कि अविभाजित जांजगीर चाम्पा जिले में 653 ग्राम पंचायत बनाए गए है। इनमें जांजगीर जिले में 334 ग्राम पंचायते तो वही सक्ती जिले में 319 ग्राम पंचायते है। इनमें से करीब 2 लाख 58 हजार से अधिक घरो में शौचालय का निर्माण कार्य कराया गया है। वही हितग्राहियो को शौचालय बनाने के एवज में 12 हजार रूपए की प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की गई है। इस कार्य को आगे बढाते हुए स्वच्छ भारत मिशन के तहत अविभाजित जिले के सभी 9 जनपद में चलित बायोटेक शौचालय की व्यवस्था की गई थी। अकलतरा एवं पामगढ़ जनपद को छोड़कर नवागढ, बलौदा,बम्हनीडीह, जैजैपुर,डभरा, मालखरौदा एवं सक्ती में बायोटेक शौचालय का उपयोग नही हो पा रहा है। कही बायोटेक शौचालय के कलपूर्जे खराब हो रहे है तो कही पानी की समस्या के चलते शौचालय का उपयोग जनपद पंचायतो में नही हो पा रहा है। इसके अलावा ग्रामिण क्षेत्रो में कई लोग समय के अनुसार बाद में शौचालय का निर्माण कार्य कराऐ है। ऐसे लोगो को भी प्रोत्साहन की राशि प्रदान की जानी है लेकिन आज भी उनका नाम पोर्टल में अपडेट नही हो पाने के चलते कई हितग्राही शौचालय बनाने के बाद भी प्रोत्साहन राशि पाने के लिए ग्राम पंचायतो से लेकर जनपद, जिला पंचायत सहित कलेक्ट्रोरेट कार्यालय का चक्कर काटते नजर आते है। चलित बायोटेक शौचालय का उपयोग शिविर, कार्यशाला, सामूहिक विवाह एवं मेले के दौरान किया जाना रहता है।



चलित बायोटेक शौचालय

#### ली जाएगी जानकारी

सभी जनपद पंचायतो में चलित बायोटेक शौचालय की व्यवस्था बनाई गई है। कही पर संचालन के दौरान दिक्कत आ रही हो तो जानकारी लेकर व्यवस्था बनाई जाएगी। प्रोत्साहन राशि नही मिलने को लेकर जानकारी आने पर समस्या का निराकरण करेंगें।

-अमरीश श्रीवास,
सह समन्वयक, स्वच्छ भारत मिशन

#### 3 अरब से अधिक की राशि की गई खर्च

स्वच्छ भारत मिशन के तहत अविभाजित जांजगीर चाम्पा जिले के 653 ग्राम पंचायतो को मिलाकर 2 लाख 58 हजार से भी अधिक घरो में शौचालय बनाकर करीब 3 अरब से अधिक की राशि भी खर्च की जा चुकी है। लेकिन आज भी कई लोगो के पास शौचालय की समुचित ब्यवस्था नही बन पाई है। जिसके चलते लोगो को कई तरह की दिक्कतो का सामना भी करना पडता है।

#### सामुदायिक शौचालय का नही उपयोग

जांजगीर चाम्पा जिले के 334 ग्राम पंचायतो को मिलाकर ज्यादातर पंचायतो में लाखो रूपए खर्च करके सामुदायिक शौचालय तो बना लिया गया है। वही दूसरी ओर इन शौचालयो का उपयोग नही हो पा रहा है। कई ग्राम पंचायतो में तो सामुदायिक शौचालय गांव से बाहर काफी दुर में बना दिया गया है। वही कई पंचायतो के सामुद्रायिक शौचालयो में साफ सफाई नही हो पा रही है। जिसके चलते इनका उपयोग नही हो पा रहा है।

## प्री पेड ऑटो बूथ से यातायात विभाग को नहीं कोई सरोकार

### यात्री सुविधा के लिए 6 साल पहले हुई थी शुरूआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

यात्रियों की सुविधा के लिए खोले गए प्री पेड ऑटो बूथ का संचालन सालभर में ही बंद हो गया है। अब ये ऑटो बूथ महज शो पीस बनकर रह गए हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए शुरू की गई इस व्यवस्था से यातायात अमले ने मुंह मोड़ लिया है। ऐसे में यात्रियों को अधिक किराया देकर ऑटो से सफर करना पड़ रहा है।

जिला मुख्यालय जांजगीर के रेलवे स्टेशन और कचहरी चौक में यात्रियों की सुविधा के लिए साल 2018 में प्री पेड ऑटो बूथ खोले गए। तत्कालीन सांसद कमला देवी पाटले ने रेलवे स्टेशन और कचहरी चौक में बूथ का शुभारंभ किया था। इन बूथों के संचालन की जिम्मेदारी यातायात विभाग को दी गई। शुरुआती दौर में कुछ दिनों तक दोनों बूथ में यातायात शाखा के सिपाहियों को तैनात किया गया और बूथ का संचालन भी हुआ, लेकिन समय के साथ यातायात विभाग के नुमाईंदों ने इससे मुंह फेर लिया। आलय यह है कि अब ये बूथ खुल ही नहीं रहे। जिला मुख्यालय होने के नाते प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग अपने काम से ट्रेनों व बसों में जांजगीर पहुचते हैं। रेलवे स्टेशन में ट्रेन से उतरकर यात्री जब प्री पेड बूथ पहुचते हैं तो यह बंद ही मिलता है। इधर कचहरी चौक के प्री पेड ऑटो बूथ का भी यही हाल है। प्री पेड ऑटो बूथ बंद होने से कोई रेट तय नहीं है। प्री पेड ऑटो बूथ के संचालन की जिम्मेदारी यातायात विभाग को दी गई है। यात्रियों के लिए प्री पेड ऑटो बूथ एक बेहतर सुविधा है, लेकिन इसे संचालित करा पाने में जिम्मेदार नाकाम साबित हो रहे हैं।




रेलवे स्टेशन के सामने बेकाम पड़ा प्रीपेड आटो बूथ।

#### ऑटो चालक ले रहे मनमाना किराया

प्री पेड ऑटो बूथ खोलने की मुख्य मंशा ऑटो वालों की मनमानी पर लगाम लगाते हुए यात्रियों को सुविधा दिलाना था। प्री पेड बूथ में दूरी के हिसाब से तय किराया राशि का ही यात्री को टिकट कटवाना होता है। ऐसे में ऑटो चालक मनमाना किराया नही वसूल सकते, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता के कारण ये मंशा पूरी नहीं हो पा रही है। जिला मुख्यालय में प्रतिदिन दूर दूर से लोग बस और ट्रेन से अपना काम लेकर पहुंचते हैं। बस और ट्रेन से उतरने के बाद कलेक्टरेट, एस पी कार्यालय, जिला पंचायत, जिला अस्पताल और अन्य दफ्तर में लोगों को अपना काम लेकर जाना होता है। ऐसे में लोग ऑटो का सहारा लेते हैं।

#### ली जाएगी जानकारी

प्री पेड आटो बूथ का संचालन किया जाना है। इसके बंद होने को लेकर पहले जानकारी ली जाएगी। तत्पश्चात आगे कार्रवाई करेंगे।

-उदयन बेहार,
एएसपी
यातायात विभाग जांजगीर

### क्रिकेट का खुमार ...



**जांजगीर-चांपा।** इन दिनों आईपीएल क्रिकेट मैच का खुमार छाया हुआ है। बच्चों की गर्मी की छुट्टियां भी चल रही है। ऐसे में छोटे बच्चे भी खोखरा के स्पोर्ट्स काम्पलेक्स में क्रिकेट खेलते नजर आ रहे है। फोटो : हरिभूमि

## डीजल चोरी करने वाला गिरोह चढ़ा पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

डीजल चोर गिरोह को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरोह द्वारा नेशनल हाईवे पर खड़े वाहनों से डीजल चोरी की जाती थी। आरोपियों के कब्जे से 60 लीटर डीजल और घटना में प्रयुक्त स्कॉर्पियो वाहन बरामद किया गया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 23 अप्रैल को तड़के हथनेवरा चौक चांपा में टाटा मोटर्स महामाया शो रूम के गेट के पास 2 ट्रेलर वाहन खडे थे। इसी दौरान एक सफेद स्कार्पियों में अज्ञात व्यक्ति आये और दोनो ट्रेलर वाहन से कुल 450 लीटर डीजल चोरी कर ले गए। मामले की रिपोर्ट पर चाम्पा पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। थाना प्रभारी जेपी गुप्ता के नेतृत्व में थाना चांपा तथा साइबर की एक संयुक्त टीम जांच में जुटी। महामाया मोटर्स मे लगे सी.सी.टी.वी. कैमरा का अवलोकन किया गया। पतासाजी के दौरान मुखबीर से जानकारी मिली कि इस तरह से डीजल चोरी का काम बलौदा क्षेत्र के कुछ संदिग्ध लोगो के द्वारा किया जाता है। चोरी में उपयोग किया वाहन स्कार्पियो बलौदा क्षेत्र के ग्राम बगडबरी के शुभम कुमार कुर्रे का वाहन सीजी 12 बीके 8350 होना पाया गया। पुलिस ने उक्त वाहन को हथनेवरा हसदेव नदी किनारे घेरा बंदी कर पकड़ा। पुलिस ने बलौदा थाना क्षेत्र के ग्राम बगडबरी निवासी 32 वर्षीय शुभम कुमार कुर्रे पिता नीलाराम कुर्रे, बिरगहनी (ब) निवासी 30 वर्षीय अनुज कुमार रात्रे पिता राजेन्द्र रात्रे, बगडबरी निवासी 19 वर्षीय डेविड कमांड्रा पिता राम निवास कमांड्रा को हिरासत में लिया। कडाई से पूछताछ करने पर आरोपियों ने महामाया मोटर्स शो रूम के गेट के पास ट्रेलर वाहन से डीजल चोरी करना स्वीकार किया। आरोपीयों के कब्जे से घटना मे उपयोग किये गये स्कार्पियो वाहन तथा चोरी का 60 लीटर डीजल बरामद किया गया। सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।



गिरफ्तार आरोपी।

#### फर्जी नंबर प्लेट का उपयोग

डीजल चोर गिरोह शातिर अंदाज में चोरी की वारदात को अंजाम देते थे। घटना के समय आरोपियों द्वारा जिस वाहन का उपयोग किया जाता था उसमे फर्जी नंबर प्लेट लगाया जाता था। हथनेवरा चौक की घटना में स्कॉर्पियो वाहन में फर्जी नंबर प्लेट का उपयोग किया गया था। पुलिस ने जब वाहन जब्त किया तब उसका नंबर सीजी 12 बीके 8350 था। चोरी के समय वाहन का नंबर सीजी 09 एल 0538 था। पुलिस ने फर्जी नंबर प्लेट को भी बरामद कर लिया है।

## चुनावी घोषणा के बाद भी नहीं मिल पा रही एसडीएम कार्यालय की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवागढ़

तहसील एवं ब्लॉक मुख्यालय नवागढ़ में एसडीएम कार्यालय की सौगात का इंतजार लम्बा होता जा रहा है। विधानसभा चुनाव से पहले की गई घोषणा के बाद भी अब तक इस दिशा में कोई पहल नहीं हो सकी है।

तहसील एवं ब्लॉक मुख्यालय नवागढ़ को अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कार्यालय की सौगात देने की चुनावी घोषणा विधानसभा निर्वाचन 2023 के चुनावी सभा में 11 नवंबर 2023 को पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने खुले मंच से किया था, किन्तु सरकार बने हुए एक वर्ष से भी अधिक समय बीतने पर भी अब तक चुनावी घोषणा पूरा करने की दिशा में कोई कदम नहीं उठाया गया है। तहसील नवागढ़ की स्थापना हुए 27 वर्ष हो गए और एसडीएम का लिंक कोर्ट भी वर्ष 2008 से लग रहा है जिसे पूर्ण कोर्ट का दर्जा अब तक नहीं दिया जा सका है। जबकि इसके लिए अंचल वासी लंबे समय से आंदोलन कर रहे है। नवागढ़ के अधिवक्ता और नागरिक पीताम्बर केशरवानी ने पूर्ववर्ती सरकार को आत्मदाह की चेतावनी देते हुए एसडीएम कार्यालय खोलने की मांग की गई थी। तब तत्कालीन कलेक्टर सुश्री ऋचा चौधरी ने इसके संबंध में जांच कमेटी बनाई थी, लेकिन आज तक उस जांच कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं किया गया। एसडीएम कार्यालय नवागढ़ में खोलने के लिए तहसील अधिवक्ता संघ नवागढ़ और अंचलवासी लगातार आंदोलन कर रहे है। क्षेत्रीय विधायक व्यास कश्यप ने भी विधानसभा में इसके संबंध में प्रश्न उठाया है। सुशासन तिहार में भी मांग अंचल से किया गया है। बहरहाल अंचल वासी शांत है लेकिन आने वाले दिनों में बड़े आंदोलन की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

## मौसम ने ली करवट, गर्मी से मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

मौसम ने अचानक करवट ले ली। जिसके चलते लोगों को उमस भरी गर्मी से कुछ हद तक राहत मिली है। इसके चलते तापमान में भी गिरावट आई है।

रविवार की शाम 27 अप्रैल को अचानक मौसम ने करवट ली। जिसके चलते तेज हवाओं के साथ कई जगहों पर बारिश हुई। ऐसे में जहां गर्मी से कुछ हद तक राहत मिली। वहीं तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है। जिला मुख्यालय जांजगीर सहित नवागढ़, पामगढ़, अकलतरा, बलौदा, बम्हनीडीह सहित अन्य जगहों पर रविवार की शाम को बारिश हुई। इधर बारिश होने से शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों की बिजली व्यवस्था प्रभावित हुई है। सारागांव क्षेत्र अंतर्गत आने वाले आधा दर्जन से अधिक ग्राम पंचायतों में बिजली सेवा प्रभावित हुई। इसी तरह से तेज हवाओं के चलते नवागढ़ क्षेत्र अंतर्गत आने वाले गांवों में भी बिजली गुल समस्या के चलते लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। शनिवार 26 अप्रैल से मौसम की स्थिति इसी तरह की स्थिति बनी हुई है। मौसम विभाग का कहना है कि मंगलवार 29 अप्रैल तक इस तरह के हालात बन रह सकते है।

#### खास बात

- 26 से 29 अप्रैल तक बनी रह सकती है स्थिति

### जगह-जगह गडढ़ा व मलबा हो रहा जमा, ग्रामीणों ने की मरम्मत की मांग

## कुकदा-रिंगनी पहुंच मार्ग बदहाल, आवागमन में परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोधना

कुकदा-रिंगनी मार्ग पर कंजी नाला के पास मुख्य सड़क क्षतिग्रस्त हो गई है। जिसके चलते लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है। जगह जगह गड्ढे पर मलबा जमा हो रहे है। जिसे लेकर ग्रामीणों ने सड़क मरम्मत की मांग की है।

ज्ञात हो कि नवागढ़ विकासखंड के अंतर्गत ग्राम कुकदा-रिंगनी पहुँमार्ग पर स्थित कंजी नाला के पास मुख्य सड़क को कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा जानबूझकर क्षति पहुंचाई गई है। इसके अलावा मुख्य मार्ग पर जगह जगह गड्ढा व मलबा जमा हो जा रहा है। जिसके चलते लोगों को आवागमन में बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसे लेकर ग्रामीणों ने सड़क मरम्मत की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क की सतह के कई हिस्से अब उखडने लगे हे। वहीं आसामाजिक तत्वों के द्वारा सड़क के कई हिस्से को नुकसान पहुंचा रह है। इस बात को लेकर ग्रामीणों ने आक्रोंश देखा जा रहा है। वहीं उन्होंने सड़क मरम्मत कराए जाने की मांग की है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि सड़क की सतह उखड़ने के बाद यह हिस्सा तेज़ी से चौड़ा और गहरा होता जा रहा है। यदि समय रहते इसकी मरम्मत नहीं कराई गई, तो यह बड़ा गड्ढा बन सकता है। जिससे दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ जाएगा। इसके बावजूद अभी तक कोई जनप्रतिनिधि या प्रशासनिक अधिकारी इस समस्या पर ध्यान नहीं दे रहा है।ग्रामीणों का कहना है कि यदि इस सड़क का समय पर सुधार नहीं किया गया, तो बारिश के मौसम में स्थिति और भी गंभीर हो सकती है, जिससे संपर्क मार्ग पूरी तरह बाधित हो सकता है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के साथ साथ जिले में 15 जून के बाद बारिश का दौर शुरू हो जाता है। ऐसे में यदि समय रहते सड़क मरम्मत पर ध्यान नहीं दिया गया तो आने वाले दिनों में लोगों की परेशानी बढ़ सकती है। बताया जा रहा है कि आसामाजिक तत्वों ने लोगों ने सड़क के कांक्रीट की सतह को उखाड़ दिया है। जिससे वहां बड़ी मात्रा में गड्ढे और मलबा जमा हो गया है। जिसकी वजह आने-जाने वाले वाहन चालकों को भी गंभीर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



कुकदा-रिंगनी की जर्जर सड़क।

## रफ्तार से दौड़ रहे ओव्हरलोड वाहनों से बढ़ा हादसों का खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ फगुरम

क्षेत्र की सड़कों पर ओव्हरलोड भारी वाहन तेज रफ्तार से फर्राटे भर रहे है। भीड़भाड़ वाले इलाकों से गुजरते इन भारी वाहनों के कारण हादसों का खतरा बढ़ गया है।

इन दिनों क्षेत्र के प्रमुख मार्गों पर ओव्हर लोड भारी वाहनों के चालक परिवहन नियमों की अनदेखी करते हुए तेज गति से वाहन चला रहे हैं। इस लापरवाही के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिसमें खासकर मवेशी इन वाहनों की चपेट में आकर जान गंवा रहे हैं। इसके साथ ही आम नागरिक भी दुर्घटनाओं का शिकार बन रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग इस गंभीर समस्या के प्रति अनजान बने हुए हैं। उनके द्वारा इन लापरवाह वाहन चालकों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। जिससे इन चालकों के हौसले और भी बुलंद हो गए हैं। इस स्थिति को देखते हुए, स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से मांग कर रहे है कि वे इस मुद्दे पर ध्यान दें और सख्त कदम उठाएं ताकि सड़क पर सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और दुर्घटनाओं की संख्या में कमी लाई जा सके।



## खबर संक्षेप

### हुनर और कौशल निखारने छात्र ले रहे इंटर्नशिप प्रशिक्षण



**कोरबा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पंतोरा के प्राचार्य मती राजकुमारी गिडवानी, व्यवसायिक प्रशिक्षक नुकेश कुमार फरिकार (हेल्थ केयर) के मार्गदर्शन से हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पंतोरा (प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पंतोरा) में कक्षा 11वी और 12वी के विद्यार्थी इंटर्नशिप के माध्यम से प्रशिक्षण ले रहे हैं। विद्यार्थी स्कूल में शिक्षा ग्रहण करते हुए व्यावसायिक पाठ्यक्रम में प्रायोगिक कार्य पूर्ण करते हैं तथा आसपास के नजदीकी स्वास्थ केंद्र में इंटर्नशिप,ऑन जॉब ट्रेनिंग के माध्यम से अस्पताल में मिलने वाली सुविधाओं, अस्पताल के कार्यप्रणाली, प्राथमिक उपचार, टीकाकरण, मलहम पट्टी करना, सूई लगाना, गर्भवती माताओं को मिलने वाली सुविधाओं, प्रसव सम्बंधी जॉच, खून जॉच और अन्य स्वास्थ्य संबंधित अनेक जानकारियाँ प्राप्त करते हैं। उक्त कड़ी में विद्यार्थियों को सीखने जानने में अस्पताल के टीम का पूर्ण सहयोग समर्थन प्राप्त होता है।

### विकासखंड स्तरीय एफएलएन सम्मान समारोह का हुआ आयोजन



**कोरबा।** कर्मचारी भवन अंधरीकछार में विकासखंड स्तरीय एफएलएन सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। नवीन शिक्षा नीति 2020 के तहत प्राथमिक शाला में अध्यनरत कक्षा पहली से तीसरी तक के बच्चों में भाषाई कौशल एवं संख्यात्मक ज्ञान की प्रवीणता पर दक्षता आधारित विगत कई माह से लगातार कार्य किया जा रहा है। जिसमें थीम आधारित शिक्षा नवाजतन, विषय मित्र तथा एफएलएन टीएलएम मेला का आयोजन किया गया था। श्रीमती किरणलता शर्मा एफएलएन प्रभारी डाइट के कुशल मार्गदर्शन में ब्लॉक प्रभारी एसआरजी ज्योति श्रीवास एवं उनकी टीम ने इन सभी अवसरों पर जनप्रतिनिधियों, विभागीय अधिकारियों को भी आमंत्रित किया। जनप्रतिनिधि पार्षद नरेंद्र देवांगन ने मेले में बच्चों को बच्चों को ही सीखते सिखाते देखा तो वो बच्चों की अभिव्यक्ति कौशल से प्रभावित होकर 20 हजार की राशि टीम को सम्मान समारोह हेतु प्रदान किए। इस दौरान बेहतर कार्य करने वाले 59 शिक्षकों 90 बच्चों 9 डीआरजी तथा एसआरजी को सर्टिफिकेट एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

### महापौर ने प्रतिभागियों का किया सम्मान

**कोरबा।** उड़ीसा के जगन्नाथ संस्कृति यूनिवर्सिटी जगन्नाथपुरी में आयोजित आल इंडिया उड़ीसा फेस्टिवल आर्ट एंड कल्चर में जिले के प्रतिभागियों को महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि उनकी प्रतिभा में और अधिक उत्तरोत्तर वृद्धि हों तथा वे विभिन्न राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय मंचों में अपनी संस्कृति एवं परम्पराओं को आगे बढ़ाते हुए कोरबा का नाम रोशन करें। सामूहिक छत्तीसगढ़ी गीत की प्रतियोगिता में सेंट विसेंट पालोटी स्कूल के विराट सिंह राठौर अपनी उत्कृष्ट गायन कला का प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रशासनिक भवन साकेत स्थित अपने कक्ष में महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने सभी प्रतिभावान प्रतिभागियों को आमंत्रित कर उनका सम्मान किया।

## जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद लोगों में आक्रोश

# सड़क पर उतरा मुस्लिम समाज, कश्मीर के पहलगाम आतंकी हमले का जताया विरोध





प्रदर्शन करते हिंदू एवं मुस्लिम समाज के लोग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर के मुस्लिम समाज ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के विरोध में सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन किया। गुरुवार की शाम 7:00 बजे नमाज के बाद बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोगों ने टीपी नगर मस्जिद से टी.पी नगर चौक तक मौन जुलूस व कैंडल मार्च निकाला और आतंकवाद का पुतला दहन किया।

**खास बात**

- दीपका गेवरा में हिन्दू व मुस्लिम समाज ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

इस रैली में सुन्नी मुस्लिम जमात, मेमन जमात, मरकज़ी सीरत कमेटी, इत्तेहाद कमेटी, यंग मेमन कमेटी, और सभी मस्जिदों की कमेटी के पदाधिकारी और सैकड़ों लोग शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता दिखाई और पाकिस्तान की हरकतों की निंदा की। वहीं दीपका व गेवरा में भी हिंदू और मुस्लिम समुदाय ने कश्मीर में हुई आतंकी घटनाओं के विरोध में एकजुटता दिखाई। हिंदू संगठनों ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर निर्दोष नागरिकों पर हुए हमलों की निंदा की। उन्होंने आम नागरिकों की सुरक्षा के लिए ठोस कानूनी ढांचे की मांग की। मुस्लिम समाज ने अनंतनाग जिले के पहलगाम में हुई आतंकी घटना के विरोध में शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में तख्तियां लेकर और काली पट्टी बांधकर विरोध जताया। हाफिज रिजवान के नेतृत्व में समाज ने दोषियों को मौत की सजा की मांग की। नगर पालिका दीपका के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राजपूत की अगुवाई में तहसीलदार अमित किरकट्टा को ज्ञापन सौंपा गया। संगठनों ने आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई और सुरक्षा के लिए पर्याप्त संसाधनों की मांग की। मुस्लिम समाज ने स्पष्ट किया कि वे देश में अमन और शांति चाहते हैं। उन्होंने इस घटना को देश की एकता को तोड़ने की साजिश बताया। समाज ने पाकिस्तान को करारा जवाब देने की आवश्यकता पर भी बल दिया। दोनों समुदायों ने इस संवेदनशील समय में राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया।

### पाकिस्तान विरोधी लगे नारे, पुतले का दहन

कोरबा। कश्मीर में पर्यटकों पर हुए हमले के विरोध में प्रदेशभर में धरना प्रदर्शन और पुतला दहन कर लोग आक्रोश जाहिर कर रहे हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को टीपी नगर चौक में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के द्वारा पाकिस्तान विरोधी नारे लगाते हुए पाकिस्तान का पुतला दहन किया गया। इस अवसर पर अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष आरीफ मोहम्मद ने कहा कि पर्यटकों पर जिस तरह से आतंकी हमला हुआ उसका भाजपा अल्प संख्यक मोर्चा निंदा करता है। ऐसी किसी भी घटनाओं को भारत सरकार बर्दाश्त नहीं करेगी और उसका मुंह तोड़ जवाब दिया जाएगा।





पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

# कबाड़ चोरी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा थाना क्षेत्र में पुलिस को बड़ी मिली है। शांतिनगर बाकीमोंगरा निवासी दिलीप कुमार सूर्यवंशी (49 वर्ष) ने थाना कटघोरा में शिकायत दर्ज कराई थी कि एसईसीएल बगदेवा परियोजना में स्थापित बीएसएनएल टावर और वर्कशॉप से कीमती सामान चोरी हो गया है। शिकायत के आधार पर थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने विशेष टीम गठित कर त्वरित जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने चोरी के मामले में तीन आरोपियों में विकास टंडन पिता देवप्रकाश टंडन उम्र 20 वर्ष निवासी दर्री निलगिरी थाना, रामसाय पिता फागुराम उम्र 19 वर्ष निवासी लेमरु कपुरवा थाना लेमरू, विजय मंझवार पिता हरन सिह मंझवार उम्र 22 वर्ष निवासी गढ़उपरोड़ा थाना लेगरु को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से चोरी का माल बरामद किया गया, जिसमें बीएसएनएल टावर में लगे लोहे के एंगल, वर्कशॉप से चोरी किए गए रॉड, प्लेट, नट-बोल्ट सहित अन्य लोहे का सामान शामिल है। साथ ही आरोपियों के पास से एक छोटा हाथी वाहन क्रमांक सीजी 12 बीके 6806 भी जब्त किया गया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

**खास बातें**

- एसईसीएल बगदेवा परियोजना में बीएसएनएल टावर व अन्य कीमती सामान पर किया हाथ साफ
- पुलिस ने शिकायत पर 10 क्विंटल कबाड़ किया जब्त

### निगम ने जब्त की आठ अवैध टुल्लू पंप

**कोरबा।** नगर निगम की टीम ने वार्ड क्रमांक 42, 43, एवं 46 देहांपरा, बेलगिरी बस्ती एवं कैलाशनगर राम मंदिर के पीछे कई जगहों पर पानी चेक किया। इस दौरान अवैध रूप से कनेक्शन कर पंप के जरिए पानी लेने का मामला सामने आया, जिसके खिलाफ कार्यवाही करते हुए निगम अमल ने 8 नग टिल्लू पंप जब्त किया है।

# जंगली सुअर के हमले में ग्रामीण की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



मृतक।

राम फुलसरी में शनिवार को एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। गांव के ही रहने वाले 56 वर्षीय बंधु राम कंवर पिता नोहरी कंवर की जंगली सुअर के हमले में मौत हो गई। यह हादसा उस समय हुआ, जब वे रोज की तरह सुबह गांव के पास स्थित जंगल में किसी काम से गए हुए थे।

ग्रामीणों और परिजनों ने जब तक उन्हें देखा, तब तक उनकी सांसें थम चुकी थीं। इस घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है। वहीं, वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार फुलशरी गांव के आसपास के जंगलों में अक्सर ग्रामीण लकड़ी, चारा या अन्य काम से जाते रहते हैं। शनिवार सुबह बंधु राम कंवर भी गांव के पास जोगिन जंगल (कक्ष क्रमांक पी-1116) में गए थे। इसी दौरान जंगल में घात लगाए बैठे जंगली सुअर ने उन पर अचानक हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि सुअर ने उन्हें काफी दूर तक घसीटा और बुरी तरह घायल कर दिया। शरीर में गंभीर चोटें आने के कारण घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। इस हादसे के बाद घर में मातम पसरा हुआ है। परिजन और ग्रामीण बार-बार यह सवाल उठा रहे हैं कि आखिर कब तक लोग इस तरह वन्यजीवों के हमले में अपनी जान गंवाते रहेंगे। वन परिक्षेत्र अधिकारी ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही टीम को भेजा गया था। पंचनामा कार्रवाई पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया है। साथ ही, नियमानुसार मुआवजा प्रकरण बनाकर जल्द सहायता राशि स्वीकृत कर दी जाएगी। इसके अलावा, इलाके में वन्यजीवों की बढ़ती आवाजाही को देखते हुए गश्ती दल बढ़ाने और कैमरा ट्रैप लगाने की भी तैयारी की जा रही है।

### ग्रामीणों ने दी सूचना, वन विभाग की टीम पहुंची

घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे। आसपास के लोगों ने वन विभाग को इसकी सूचना दी। वन परिक्षेत्र अधिकारी और वन अमला घटनास्थल पर पहुंचा और पंचनामा कार्रवाई पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कुछ महीनों से इलाके में जंगली सुअरों, तेंदुए और अन्य वन्य प्राणियों की आवाजाही काफी बढ़ गई है। कई बार मवेशियों और फसलों को नुकसान पहुँचाने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। अब इंसान पर हमला कर जान लेने की यह पहली घटना है, जिसने पूरे क्षेत्र में दहशत फैला दी है।

# मृतक के मोबाइल में पुलिस को मिला सुसाइड नोट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नाबालिग के सुसाइड के मामले में नया खुलासा हुआ है। मृतक के मोबाइल में पुलिस को सुसाइड नोट मिला है, जिसमें उसने प्रताड़ना की बात लिखी है। पुलिस ने मामले में नए एंगल से जांच शुरू कर दी है। दरअसल शहर के पंप हाउस झोपड़ीपारा में गुरुवार को एक 17 वर्षीय किशोर शुभम साहू ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। आत्महत्या से पहले उसने अपने मोबाइल में एक सुसाइड नोट लिखकर तीन युवकों शुभम तिवारी, आशीष कदम व एक अन्य को मौत के लिए जिम्मेदार ठहराया है। ये लोग उसे परेशान कर रहे थे, जीना हराम कर दिए, इधर-उधर जाना बंद कर दिए हैं, ऐसा लेख सुसाइड नोट में लिखा जाना बताया गया है। शुभम के पिता मुकेश कुमार साहू ने कहा कि उसका बेटा जानवरों से बहुत प्यार करता था और पैट शॉप में काम करता था, जहां वह डॉग, कैट, बड्र्स और फिश का भी देखभाल करता था। मृतक के पिता का कहना है कि शुभम ने मोबाइल में सुसाइड नोट लिखा था, जिसमें उसने तीन युवकों द्वारा लगातार परेशान किए जाने का जिक्र किया है। शुभम ने सुसाइड नोट में लिखा ये लोग मुझे परेशान कर रहे हैं। सुसाइड नोट में शुभम तिवारी और आशीष कदम के नाम सामने आए हैं।

### दुकान संचालको को दी गई हिदायत

**कोरबा।** शहर में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में नगर निगम व यातायात पुलिस ने सुनालिया चौक से सीएसईबी चौक तक दुकान संचालकों को दुकानों का सामान बाहर नहीं रखने की हिदायत दी। दुकान संचालकों को समझाया जा रहा है, अगर फिर भी दुकानदार नहीं माने तो आगे सामान जब्ती की कार्यवाही की जाएगी।

नगर में अधिकांश दुकान संचालक सामान को बाहर पार्किंग और सडक पर रख देते हैं। इससे लोगों को आवाजाही में परेशानी का सामना करना पड़ता है। यही नहीं कई स्थानों पर पार्किंग की समस्या होती है। इसकी वजह से वाहन सडक पर खड़े रहते हैं। निगम और यातायात विभाग की टीम ने दुकान संचालकों को सामान को बाहर नहीं निकालने कहा है।

### आम सूचना

हम 1- हेमंत कुमार शर्मा पिता का नाम-हरिप्रसाद शर्मा 2- कृष्णकांत देव शर्मा आ. हरिप्रसाद शर्मा निवासी ग्राम-शिवरीनारायण तहसील- शिवरीनारायण जिला जांजगीर-चाम्पा (छ. ग.) के हैं। हमारा ग्राम- भोगहापारा में कृषि भूमि एवं अन्य भूमि एवं सम्पत्ति है जिसके संबंध में एक मुख्तियारनामा रविप्रकाश गुप्ता आ. बजरंग लाल गुप्ता के पक्ष में धोखे से निष्पादित करा लिया गया है और हमें अंदेशा है कि उक्त मुख्तियारनामा के आधार पर रविप्रकाश गुप्ता के द्वारा हमारे नाम के सम्पत्ति एवं मामलों के संबंध में हमारी इच्छा के विरुद्ध हमारे हितों के खिलाफ कार्य करेगा, जिस कारण हम यह आम सूचना प्रकाशित करवा रहे हैं कि सर्वविदित हो रविप्रकाश गुप्ता आ. बजरंग लाल गुप्ता निवासी जांजगीर के पक्ष में निष्पादित आम मुख्तियारनामा दस्तावेज के आधार पर कोई कार्य रविप्रकाश के द्वारा किया जाता है तो वह प्रकाशन दिनांक से हमारी ओर से किया गया कार्य नही माना जावेगा और अतिशीघ्र उक्त - मुख्तियारनामा को अविलम्ब विधिवत् निरस्त की कार्यवाही हमारे द्वारा किया जावेगा, जिसकी सूचना आम प्रकाशित करवा रहे हैं।

अतः हम सर्वसाधारण एवं खास व्यक्ति संस्था अथवा समूह को आगाह करते हैं कि हमारी ओर से रविप्रकाश गुप्ता आ. बजरंग लाल गुप्ता से कोई कार्य नही करावे और यदि कोई व्यक्ति, संस्था अथवा समूह आज के बाद से रविप्रकाश गुप्ता से हमारे आम मुख्तियार होने के हैसियत से कार्य करवाएगा और उससे कोई नुकसान उसे होगी तो उसके लिए वह स्वयं जवाबदार होगा।

सो सूचना जानें।
दिनांक 27/4/25

**भवदीय**
**हेमन्त कुमार शर्मा आ. हरिप्रसाद शर्मा**
**कृष्णकांत देव शर्मा आ. हरिप्रसाद शर्मा**
**निवास का पता-भोगहापारा वार्ड नंबर-05**
**शिवरीनारायण तहसील - शिवरीनारायण**
**जिला: जांजगीर-चाम्पा (छ. ग.)**

### न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

विवाह प्र. क्र /ब-121/2024-2025
ग्राम जांजगीर तहसील जांजगीर
आवेदक श्री प्रियांशु द्विवेदी पिता श्री प्रशांत द्विवेदी जाति ब्राम्हण एवं आवेदिका श्रीमती प्रिंसी पति श्री प्रियांशु द्विवेदी जाति ब्राम्हण दोनो निवासी ग्राम दर्री (जमनीपाली) तहसील दर्री जिला कोरबा (छ.ग.) **बनाम** छत्तीसगढ़ शासन

**ईश्तहार**

आम जनता ग्राम जांजगीर तहसील जांजगीर जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री प्रियांशु द्विवेदी पिता श्री प्रशांत द्विवेदी जाति ब्राम्हण एवं आवेदिका श्रीमती प्रिंसी पति श्री प्रियांशु द्विवेदी जाति ब्राम्हण दोनो निवासी ग्राम दर्री (जमनीपाली) तहसील दर्री जिला कोरबा (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर बताया है कि हम दोनो का विवाह दिनांक 11/07/2024 को स्थान- शारदा मंगलम भवन जांजगीर तहसील जांजगीर जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) में सम्पन्न हुआ है। और अपने अनुष्ठापित विवाह का पंजीयन कर विवाह प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतः इस संबंध में किसी को कोई दावा / आपत्ति हो तो वह अपनी दावा / आपत्ति इस न्यायालय में दिनांक 21/05/2025 को 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25/4/2025 को न्यायालय की पद मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**विवाह अधिकारी**
**जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**












27-April- JAS-KORIYA-RAG- JANJ- Bhoomi pg-3_Layout 1 4/27/2025 8:06 PM Page 1





# श्रेयस और तुषार की फिल्म 'कपकपी' का टीजर जारी...

**मुंबई।** अभिनेता श्रेयस तलपड़े काफी समय से अपनी आगामी फिल्म 'कपकपी' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। इस फिर में श्रेयस के साथ तुषार कपूर भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। 'गोलमाल 3' और 'गोलमाल रिटर्न्स' के बाद यह श्रेयस और तुषार के बीच तीसरा सहयोग है। अब निर्माताओं ने 'कपकपी' का टीजर जारी कर दिया है, जो हॉरर और कॉमेडी से भरपूर है। हमेशा की तरह श्रेयर और तुषार की अदाकारी को काफी पसंद किया जा रहा है। 'कपकपी' को 23 मई, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। इस फिल्म का दर्शक काफी समय से बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, जो अब जल्द खत्म हो जाएगा। निर्माताओं ने टीजर साझा करते हुए लिखा,

लाइफ Style


# मृणाल
## हाथ लगी एटली की 800 करोड़ी फिल्म

'पुष्पा 2' की जबरदस्त सफलता के बाद अल्लू अर्जुन ने 'जवान' के निर्देशक एटली के साथ हाथ मिलाया है। इस फिल्म से जुड़ीं अब तक कई जानकारियां सामने आ चुकी हैं और अब खबर है कि फिल्म में अल्लू के साथ मृणाल ठाकुर को साइन कर लिया गया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

फिल्म में 3 अभिनेत्रियां नजर आएंगी। इनमें में एक के लिए मृणाल के नाम पर निर्माताओं की मोहर लग चुकी है। पीपिंगमून की रिपोर्ट के मुताबिक, मृणाल ने कल मुंबई के एक स्टूडियो में फिल्म की तीन मुख्य अभिनेत्रियों में से एक की भूमिका निभाने के लिए लुक टेस्ट दिया। फिल्म में वह अल्लू के साथ रोमांस करती दिखेंगी। उनका लुक फिल्म में एकदम हटके होगा। उधर अन्य अभिनेत्रियों के लिए दीपिका पादुकोण और जाह्नवी कपूर के नाम पर विचार किया जा रहा है। जाह्नवी फिल्म साइन करने के बेहद करीब हैं, वहीं दीपिका के साथ बातचीत अब भी जारी है।

***पूरी हो गई मृणाल की ख्वाहिश :*** अल्लू-मृणाल दोनों एक-दूसरे के साथ काम करने के लिए उत्साहित हैं। इससे पहले अल्लू ने मृणाल की फिल्म 'हाय नाना' को खूब सराहा था और अभिनेत्री के अभिनय पर भी जमकर प्यार लुटाया था। फिल्म देखने के बाद अल्लू न सिर्फ इसकी कहानी, बल्कि इसमें मृणाल के अभिनय और उनके अंदाज के भी मुरीद हो गए थे। उधर एक इंटरव्यू में मृणाल ने कहा था कि वह अल्लू की प्रशंसकों में शुमार हैं और उनके साथ काम करना चाहती हैं।



हॉलीवुड मसाला



# पैपराजी से परेशान सिंगर बीबर

**लॉस एंजिल्स।** रोजाना ही पैपराजी सिंगर जस्टिन बीबर का पीछा करते हैं, उनकी वक्त-बेवक्त तस्वीरें लेते हैं। इस बात से सिंगर जस्टिन बीबर तंग आ चुके हैं। इस बारे में जस्टिन बीबर ने सोशल मीडिया पर अपना पक्ष रखा है। क्या बोले जस्टिन बीबर जानिए? हाल ही में जस्टिन बीबर ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें कुछ पैपराजी जबरदस्ती उनकी तस्वीरें ले रहे हैं। फिर पैपराजी को सिंगर की सिक्योरिटी टीम पीछे हटने के लिए कहती है, इसके बावजूद वे लोग मानते नहीं है।



# 11 जनवरी को होगा 'गोल्डन ग्लोब्स' का आयोजन...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के सबसे प्रतिष्ठित अवॉर्ड शो में से एक, गोल्डन ग्लोब्स का 83वां संस्करण 11 जनवरी 2026 को बेवर्ली हिल्टन में आयोजित होगा। आयोजकों ने हाल ही में इसकी घोषणा की। मशहूर कॉमेडियन निक्की ग्लेसर एक बार फिर इस शो की मेजबानी करेंगी। 2025 में निक्की ने गोल्डन ग्लोब्स की पहली सोलो महिला होस्ट बनकर इतिहास रच दिया था। अब वह 2026 में दोबारा यह जिम्मेदारी संभालने के लिए उत्साहित हैं। आयोजकों के अनुसार साल की सर्वश्रेष्ठ फिल्मों और टीवी शोज के लिए नामांकन की घोषणा 8 दिसंबर 2025 को होगी। वैराइटी की रिपोर्ट के मुताबिक अवॉर्ड्स का पूरा शेड्यूल जल्द ही जारी किया जाएगा। निक्की ने अपने बयान में मजाकिया अंदाज में कहा, इस साल गोल्डन ग्लोब्स की मेजबानी मेरे करियर का सबसे मजेदार अनुभव था।



# प्रभास की होरोइन, बोली मैं पाकिस्तानी नहीं

**मुंबई।** 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। इस दुखद घटना को लेकर देशभर के लोगों में आक्रोश भरा हुआ है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद प्रभास की फिल्म 'फौजी' पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। दरअसल, फिल्म की हीरोइन ईमान इस्माइल हैं, जो पाकिस्तान मिलिट्री अफसर की बेटी हैं। ईमान इस वक्त लोगों के निशाने पर हैं। अब उन्होंने लंबा-चौड़ा पोस्ट के जरिए अपनी बात रखी है। 'फौजी' के जरिए ईमान अभिनय की दुनिया में कदम रख रही है। ईमान ने लिखा, 'सबसे पहले मैं पहलगाम में हुई दुखद घटना के लिए अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करना चाहती हूं। मेरा दिल उन सभी लोगों के लिए दुखी है, जिन्होंने अपनी जान और अपनों को खोया।



# मिला श्री श्रीरविशंकर का किरदार...

**मुंबई।** विक्रांत मैसी ने यूं तो छोटे पर्दे से ही घर-घर में अपनी पहचान बना ली थी, लेकिन फिल्म इंडस्ट्री में काफी लंबे वक्त तक खुद को घिसने के बाद विक्रांत ने वो शोहरत हासिल कर ही ली, जो कई लोगों का आज भी सपना है। विक्रांत के अगले प्रोजेक्ट का लोगों को बेसब्री से इंतजार है और अब इस खबर पर पक्की मोहर लग चुकी है कि विक्रांत आध्यात्मिक गुरू श्री श्री रविशंकर का किरदार निभाने जा रहे हैं। सिद्धार्थ आनंद करेंगे फिल्म का निर्माण फिल्म का नाम 'व्हाइट' है। मोंटू बैसिस को इसके निर्देशन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सिद्धार्थ आनंद और महावीर जैन ने इस अंतरराष्ट्रीय थ्रिलर फिल्म के प्रोडक्शन की कमान संभाली है। श्री श्री रविशंकर के जीवन से प्रेरित इस फिल्म में उनकी जीवन यात्रा को दिखाया जाएगा। ज

टीवी मसाला

# एक्टिंग का लगा चस्का तो मां ने घर से निकाला, पिता ने की थी बहुत पिटाई...

**नई दिल्ली।** दिग्गज एक्ट्रेस उषा नाडकर्णी को टीवी शो 'पवित्र रिश्ता' में सविता देशमुख का किरदार निभाने के लिए जाना जाता है। उन्होंने पर्दे पर अपने किरदारों से फैंस को दिलों को खूब जीता, लेकिन उनका सफल होने का सफर कभी आसान नहीं रहा। हाल ही में उषा नाडकर्णी ने अपने करियर की शुरुआत में संघर्षों के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि 18-19 साल की उम्र में एक्ट्रेस बनने का फैसला करने पर उनकी मां ने उन्हें घर से निकाल दिया था। उनके पिता ने उनकी खूब पिटाई की थी।



***बहुत पिटाई, 'पवित्र रिश्ता' की एक्ट्रेस का खुलासा :*** भारती सिंह और हर्ष लिंबाचिया के पॉडकास्ट पर ऊषा नाडकर्णी ने बताया, 'पापा को इतनी प्रॉब्लम नहीं थी, लेकिन मां को अच्छा नहीं लगता था। वो टीचर थीं ना। मां के हिसाब से यह सही नहीं था। प्ले में टाइम नहीं मिलता था, कभी भी आना-जाना लगा रहता था। एक दिन मां ने मेरे सारे कपड़े उठाकर घर के बाहर फेंक दिए और कहा कि कि ड्रामा करना है, तो हमारे घर से निकल जा।

***घर छोड़कर चली गई थी उषा नाडकर्णी :*** ऊषा नाडकर्णी ने आगे बताया कि, 'मैं भी बहुत गुस्से में थी। मैंने अपने सारे कपड़े उठाए ग्रांट रोड ईस्ट गई, वहां से एक बैग खरीदा, कपड़े भरे और मेरी एक सहेली थी, जो मेरे साथ काम करती थी, उसके घर चली गई। फिर पापा मुझे ऑफिस में ढूंढने के लिए आए थे। तब मेरी शादी नहीं हुई थी। मैं 18-19 साल की थी।

### पिता को पसंद नहीं था उषा का डांस करना

उषा नंदकर्णी ने अपने टीनएज के दिनों का किस्सा याद किया, जब उन्होंने लता मंगेशकर द्वारा आयोजित गणपति उत्सव के दौरान डांस किया था। ये उत्सव सड़कों पर होते थे और उषा को इनमें हिस्सा लेने में बहुत खुशी मिलती थी, लेकिन उनके पिता को यह बिल्कुल पसंद नहीं था।

### उषा को पीटते हुए घर लाए थे पिता

उन्होंने कहा, 'पापा मुझे वहां ढूंढने के लिए पहुंचे और मारते हुए घर लेकर आए थे। उन्होंने मेरी बहुत पिटाई की है। हम दो भाई, दो बहन थे। जब पापा किसी एक को पीटना शुरू करते थे, तो बाकी तीन भाग जाते थे। हाल ही में ऊषा नाडकर्णी ने कुकिंग बेस्ड रियलिटी शो 'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ इंडिया' पर नजर आई थी।

# अरिजीत सिंह बॉलीवुड के सबसे महंगे गायकों में हैं शामिल

**मुंबई।** भारत के जाने-माने गायक अरिजीत सिंह आज यानी 25 अप्रैल को अपना 38वां जन्मदिन मना रहे हैं। वह आज के दौर के सबसे प्रसिद्ध गायकों में से एक हैं। उनकी आवाज का हर कोई दीवाना है। वह जहां कहीं भी परफॉर्म करते हैं, वहां जमकर लोगों की भीड़ जुटती है। अरिजीत बॉलीवुड के सबसे महंगे गायकों में से एक हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं वह एक गाने के लिए कितनी फीस लेते हैं।

### अरिजीत की फीस

एक रिपोर्ट के अनुसार, अरिजीत एक गाने के लिए 18 से 20 लाख रुपये तक चार्ज करते हैं। बड़े बैनर की फिल्मों के लिए उनकी फीस और ज्यादा हो सकती है। रिपोट्र्स की मानें तो अगर अरिजीत किसी लाइव कॉन्सर्ट में प्रस्तुति देते हैं तो वह आयजकों से 50 लाख रुपये से 1 करोड़ रुपये तक लेते हैं। उधर, अरिजीत की कुल संपत्ति 414 करोड़ रुपये बताई जाती है।

### इस गाने से रातों-रात चमकी किस्मत



अरिजीत ने गायकी जगत में अपने करियर की शुरुआत साल 2005 में रियलिटी शो 'फेम गुरुकुल' से की थी। अरिजीत अब तक 'फिर मोहब्बत', 'चन्ना मेरेया', 'कबीरा', 'दुआ', 'मुस्कुराने की वजह' और 'सोच न सके' तक कई गानों में अपनी आवाज से लोगों को अपना दीवाना बना चुके हैं, लेकिन 'आशिकी 2' के गाने 'तुम ही हो' ने अरिजीत को रातों-रात स्टार बना दिया था। गाने में उनकी आवाज में लोगों को दर्द और मोहब्बत दोनों महसूस हुई।

# ये हैं इमरान हाशमी की सबसे कमाऊ फिल्म...


**मुंबई।** इमरान हाशमी इन दिनों खूब चर्चा में हैं और हों भी क्यों ना, उनकी फिल्म 'ग्राउंड जीरो' सिनेमाघरों में जो रिलीज हो गई है। फिल्म में इमरान डिप्टी कमांडेंट नरेंद्र नाथ दुबे की भूमिका में नजर आ रहे हैं। इस फिल्म को समीक्षकों की तरफ से हरी झंडी मिली है, वहीं इमरान की अदाकारी ने हमेशा की तरह दर्शक का दिल जीत लिया है। आइए इस कड़ी में हम आपको इमरान की सबसे कमाऊ फिल्म के बारे में बताते हैं।

### 'द डर्टी पिक्चर' है सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म

इमरान की सबसे कमाऊ फिल्म 'द डर्टी पिक्चर' है, जो 2 दिसंबर, 2011 को रिलीज हुई थी। फिल्म में इमरान के साथ विद्या बालन, नसीरुद्दीन शाह और तुषार कपूर ने काम किया था। मिलन लुथरिया ने फिल्म का निर्देशन किया था। 28 करोड़ रुपये की लागत में बनी 'द डर्टी पिक्टर' ने भारत में 79.75 करोड़ रुपये का कारोबार किया था, वहीं दुनियाभर में यह फिल्म 116.55 करोड़ रुपये कमाने में सफल रही। फिल्म अमेजन प्राइम वीडियो पर उपलब्ध है।

### बॉक्स ऑफिस पर छापे इतने करोड़

### कुछ है फिल्म की कहानी




'द डर्टी पिक्चर' एक बायोपिक फिल्म है। इसकी कहानी 1980 के दशक की दक्षिण भारतीय सिनेमा की जानी-मानी अभिनेत्री सिल्क स्मिता के जीवन से प्रेरित है। फिल्म में सिल्क का किरदार विद्या ने निभाया था। फिल्म की हीरोइन रेश्मा (विद्या) स्टार बनने का सपना लेकर चेन्नई आती है। करियर की शुरुआत में उसे अस्वीकृति का सामना करना पड़ता है, लेकिन कड़ी मेहनत के बाद वह एक डांसर के रूप में खुद को इंडस्ट्री में स्थापित करती है।

## ओटीटी पर सैफ अली खान दर्शकों का मनोरंजन बढ़ाने के लिए तैयार हैं

# 'ग्राउंड जीरो' से 'ज्वेल थीफ' तक, इस हफ्ते ये आपके मनोरंजन का डोज

*__मुंबई।__ अप्रैल का यह आखिरी हफ्ता सिनेप्रेमियों के लिए बेहद खास होने वाला है, क्योंकि कई ऐसी फिल्में दर्शकों के बीच आ गई हैं, जो पिछले कुछ समय में खूब चर्चा में रहीं और जिनका इंतजार दर्शक बेसब्री से कर रहे थे। जहां सिनेमाघरों में इमरान हाशमी और प्रतीक गांधी दर्शकों के बीच अपनी-अपनी फिल्म लेकर हाजिर हो गए हैं, वहीं ओटीटी पर सैफ अली खान दर्शकों का मनोरंजन बढ़ाने के लिए तैयार हैं।*

**'फुले'**: निर्देशक अनंत महादेवन की फिल्म 'फुले' 25 अप्रैल को सिनेमाघरों में आई है। फिल्म में प्रतीक गांधी, दर्शील सफारी और पत्रलेखा अहम किरदारों में हैं। ये कहानी है महात्मा ज्योतिबा फुले और उनकी पत्नी सावित्री बाई फुले की। ज्योतिबा फुले ने समाज के खिलाफ जाकर पहले अपनी पत्नी को पढ़ाया और फिर समाज की लड़कियों को पढ़ाना शुरू किया। न सिर्फ इस फिल्म की कहानी, बल्कि इसमें पत्रलेखा और प्रतीक के अभिनय की भी तारीफ हो रही है।



**'ग्राउंड जीरो'**: इमरान हाशमी की फिल्म 'ग्राउंड जीरो' भी 25 अप्रैल को ही सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। फिल्म की कहानी बीएसएफ के अधिकारी नरेंद्र नाथ धर दुबे (इमरान) के जीवन पर आधारित है। यह कहानी 2001 श्रीनगर में सेट की गई है, जहां आतंकी लगातार जवानों को अपनी गोली का शिकार बना रहे हैं। तेजस प्रभा के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में सई ताम्हणकर ने भी अहम भूमिका निभाई है। फिल्म को सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है।



**'ज्वेल थीफ'**: सैफ अली खान ओटीटी पर फिल्म 'ज्वेल थीफ' लेकर आ गए हैं। उनकी यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर 25 अप्रैल को रिलीज हुई है। सैफ के अलावा इस फिल्म में जयदीप अहलावत, अभिनेत्री निकिता दत्ता और कुणाल कपूर नजर आ रहे हैं। फिल्म को मिली-जुली प्रतिक्रिया मिल रही है। कुकी गुलाटी और रॉबी ग्रेवाल ने इस फिल्म का निर्देशन किया है और सुमित अरोड़ा ने फिल्म की कहानी लिखी है। फिल्म में चोरी की एक कहानी दिखाई गई है।



**'अंदाज अपना अपना'**: आमिर खान और सलमान खान की फिल्म अंदाज अपना अपना एक बार फिर 25 अप्रैल को सिनेमाघरों में दस्तक दे चुकी है। राजकुमार संतोषी के निर्देशन में बनी इस फिल्म में रवीना टंडन, करिश्मा कपूर, परेश रावल और शक्ति कपूर भी अहम भूमिका में थे।






**'क्रेजी' और 'सुपरबॉयज ऑफ मालेगांव'**: अभिनेता सोहम शाह की फिल्म 'क्रेजी' 28 फरवरी को सिनेमाघरों में आई थी, जिसमें उनके काम को तो काफी सराहा गया। हालांकि, बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म कोई कमाल नहीं कर पाई। अब 'क्रेजी' ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर दस्तक दे चुकी है। उधर जोया अख्तर के निर्देशन में बनी दुनियाभर में वाहवाही लूट चुकी फिल्म 'सुपरबॉयज ऑफ मालेगांव' भी अमेजन प्राइम वीडियो पर दस्तक दे चुकी है। आदर्श गौरव और विनित कुमार सिंह इसमें मुख्य भूमिका में हैं।

## खबर संक्षेप



सुंदरकांड में उपस्थित महिलाएं।

### नारी शक्ति ने सुंदरकांड पाठ का किया आयोजन

**जांजगीर-चांपा।** हनुमत की कृपा बनाए रखने के लिए सबके अंदर ओज तेज शक्ति प्रदान करने वाला विशेष रूप से 51 नारी शक्ति द्वारा सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें श्री हरि महिला मानस मंडली जांजगीर को आमंत्रित किया गया था। जिसमें श्री हरि महिला मंडली के अध्यक्ष श्रीमति चमेली साहू की टीम श्रीमति ममता यादव के संयोजकत्व में पूरे 51 महिला की टीम ने संगीतमय सुंदरकांड पाठ व हनुमत भजन कर कार्यक्रम स्थल को भक्ति मय वातावरण से ओतप्रोत कर दिए। इस दौरान ममता यादव, लक्ष्मी देवी अग्रवाल, अन्नपूर्णा अग्रवाल,श्रीमति सरोजनी साहू, श्रीमति शारदा साहू, श्रीमति दीपश्री साहू, मनीषा गोपाल, विभा उपाध्याय, अंजली मोदी, अवनी अग्रवाल, रेखा अग्रवाल, पूजा गुप्ता, आशा दुबे,सुष्मिता यादव,सारिका ,अनसुईया यादव, दिव्या यादव,सहित 51 नारी शक्ति द्वारा सुंदरकांड पाठ किया गया। आयोजन कर्ता द्वारा मानस मंडली के अध्यक्ष श्रीमति चमेली साहू सहित उनके टीम को सम्मान राशि देकर सम्मानित किया गया।

### एक दिवसीय कबड्डी में खरकेना टीम बनी विजेता



**कुकदा।** आदर्श ग्राम कुकदा में एकदिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें 57 किलोग्राम वर्ग के प्रतिभागी खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में भाग लिए। वहीं प्रतिभागी टीमों के लिए प्रवेश शुल्क 301 रहा। जिसमें विभिन्न गांव के कबड्डी टीमों ने हिस्सा लिया। जहाँ फाइनल खरकेना एवं सेमरिया कबड्डी टीम के बीच हुआ जिसमें खरकेना की टीम ने फाइनल में सेमरिया को हराते हुए ख़िताब अपने नाम किया। वहीं तीसरा स्थान बिलासपुर की टीम का रहा जबकि चतुर्थ स्थान लोहारपाली ने प्राप्त किया। पुरस्कार वितरण में फाइनल विजेता टीम खरकेना को 700, द्वितीय पुरस्कार सेमरिया की टीम को 5001 शत्रुहन साहू द्वारा, तीसरा स्थान प्राप्त करने वाली बिलासपुर की टीम को 3001 द्वारा एवं चौथा पुरस्कार 2001 रुपए लोहारपाली की कबड्डी टीम को विजय कश्यप द्वारा दिया गया। इसके अलावा सभी टीमों को शील्ड एवं मैडल भी प्रदान किए गए। वहीं ग्राम के उपसरपंच महेश राम कश्यप ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीत और हार एक सिक्के के दो पहलू हैं। हारे हुए खिलाड़ियों को निराश नहीं होना चाहिए बल्कि अपनी कमियों को सुधार कर आगे के लिए प्रयास करना चाहिए।

### आंगनबाड़ी सहायिका की भर्ती के लिए आवेदन 9 मई तक आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा।** एकीकृत बाल विकास परियोजना जॉजगीर नवागढ़ 2 में नगर पालिका परिषद जॉजगीर-नैला शहरी क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्रमांक 19 ऑगनबाड़ी केन्द्र वार्ड क्रमांक 18-1 में ऑगनबाड़ी कार्यकर्ता 1 पद के लिए 9 मई तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना जांजगीर नवागढ़ 2 ने बताया कि आवेदन पंजीकृत डाक से भेजा जा सकता है।

## निधन

### सुंदरलाल गवेल



**कर्रापाली।** ग्राम पंचायत कर्रापाली के प्रतिष्ठित नागरिक एवं सेवानिवृत्त ग्राम सेवक सुंदर लाल गवेल का शनिवार 26 अप्रैल को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा में आसपास के ग्रामीण और गांव के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। वे अपने पुत्र विरेन्द्र गवेल, बसंत गवेल , विजय गवेल सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए।

## पार्टी में उपेक्षा को लेकर निकाली भड़ास

# राष्ट्रीय सचिव के सामने कांग्रेस कार्यकर्ताओं का फूटा गुस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डभरा

कांग्रेस के संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से हो रहे विधानसभा स्तरीय कार्यक्रम में उस समय गहमागहमी की स्थिति निर्मित हो गई, जब कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं छत्तीसगढ़ सहप्रभारी के समक्ष कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने संगठन और क्षेत्रीय विधायक पर पक्षपात का आरोप लगाया।

विदित हो कि कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं सह प्रभारी सुश्री जरिता लैतफलांग की उपस्थिति में नगर पंचायत डभरा के कृष्णा पैलेस में कांग्रेस के संगठन को मजबूत करने के संबंध में विधानसभा स्तरीय कार्यक्रम चल रहा था, उसी दैरान क्षेत्रीय विधायक का अभिभाषण चल रहा था कि कांग्रेसी कार्यकर्ताओं का गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने राष्ट्रीय सचिव के सामने कांग्रेस मुख्य संगठन और विधायक पर ईमानदार कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा मचाया। इस दौरान विधायक का




कांग्रेस सम्मेलन में पहुंची राष्ट्रीय सचिव एवं अन्य कार्यकर्ता।

अभिभाषण को बीच में रोककर राष्ट्रीय सचिव ने मोर्चा संभालते हुए कहा कि विधायक के भाषण के बाद सभी कार्यकर्ताओं को अपनी बात रखने का मौका दिया जाएगा, तब कहीं जाकर कार्यक्रम आगे बढ़ा और क्षेत्रीय विधायक का अभिभाषण पूरा हो सका। दरअसल कांग्रेसी कार्यकर्ताओं का आरोप था कि बीते दिनों सम्पन्न हुए त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में ईमानदार कांग्रेस कार्यकर्ताओं की क्षेत्रीय विधायक और संगठन प्रमुखों के द्वारा उपेक्षा की गई है। इसलिए कांग्रेसियों को हार झेलना पड़ा है। कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं सहप्रभारी ने सभी कार्यकर्ताओं को मंच पर बारी बारी से बोलने का मौका दिया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने संगठन प्रमुखों और क्षेत्रीय विधायक पर जमकर भड़ास निकाली और उन पर कार्यकर्ताओं ने उपेक्षा करने का आरोप लगाया। सारी स्थिति को भांपते हुए राष्ट्रीय सचिव के द्वारा आश्वासन दिया गया कि भविष्य में किसी प्रकार की किसी भी कार्यकर्ताओं की उपेक्षा नहीं होगी, तब जाकर मामला शांत हुआ। हालांकि विधानसभा स्तरीय बैठक में कांग्रेसियों की गुटबाजी साफ झलक रही थी क्योंकि नगर पंचायत डभरा में यह कार्यक्रम आयोजित था और उसके आसपास के ही कांग्रेसी कार्यकर्ता नदारद दिखाई दिए जो कभी विधायक के सभी कार्यक्रमों उपस्थित रहते थे। बहरहाल देखा जाए तो यह स्पष्ट नजर आता है कि चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस में सब कुछ ठीक ठाक नही चल रहा है। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय सचिव, चंद्रपुर विधायक एवं कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर होगा 31 बटुकों का उपनयन संस्कार

## तैयारियों को लेकर दिया जा रहा अंतिम रूप

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

ब्राह्मण नारी नवचेतना मंच जांजगीर के तत्वाधान में अक्षय तृतीया पर 31 बटुकों का उपनयन संस्कार किया जाएगा। ब्राह्मणों के कुल जनक भगवान परशुराम के जन्मोत्सव 30 अप्रैल एवं अक्षय तृतीया के अवसर पर ब्राह्मण नारी नवचेतना मंच जांजगीर द्वारा 31 बटुकों का उपनयन संस्कार अग्रसेन भवन नैला में आयोजित किया जाएगा । उपनयन संस्कार की सम्पूर्ण तैयारी हेतु अंतिम बैठक समिति की वरिष्ठ सदस्य वीना शर्मा के निवास स्थान पर आयोजित किया गया।

जानकारी देते हुए समिति के सक्रिय सदस्य द्वय पुर्णिमा शर्मा एवं विद्योत्तमा गौरहा ने बताया कि उपनयन की सम्पूर्ण तैयारी समिति द्वारा कर ली गयी है,उन्होंने पंजीकृत 31 बटुकों के परिजन से सुबह 7 बजे अग्रसेन भवन नैला पहुँचने की बात कही है। उपनयन संस्कार के आचार्य पंडित राजकुमार मिश्रा होंगे एवं प्रमुख यजमान पंडित चंद्रहास मिश्रा एवं निशा मिश्रा है। पंजीकृत परिजन पूजन सामग्री एवं धोती, टोपी और अन्य आवश्यक सामग्री किट के माध्यम से प्राची पाण्डेय और जूही गौरहा से प्राप्त कर सकते है। कूपन प्राप्त करने के लिए नीलू शर्मा,किरण पाण्डेय और आशा दुबे



तैयारी को लेकर चर्चा करती ब्राम्हण समाज की महिलाएं।

से संपर्क कर सकते है। किरण शुक्ला एवं प्रियंवदा पाण्डेय ने बताया कि सभी मांगलिक कार्य जैसे मुंडन , नहडोरी , गुरू मंत्र इत्यादि रजिस्ट्रेशन क्रमांक के हिसाब से ही किये जाएंगे। अलका शर्मा एवं नम्रता शर्मा ने बटुकों के परिजनो से लाल या पीले वस्त्र धारण कर आने का आग्रह किया है। पंजीकृत बटुकों के नाम सोमेश तिवारी, पुरषोत्तम पाण्डेय आदर्श पाण्डेय, आकाश शर्मा, श्याम देव मिश्रा, सरज शर्मा, विवेक पाण्डेय, श्रेयांश तिवारी, मिथलेश मिश्रा, अथर्व तिवारी, हर्ष गौरहा, सागर दुबे, आदित्य नारायण पाण्डेय, पुष्कर पाण्डेय, शिवम तिवारी और वैभव तिवारी, आयुष शर्मा, अमन तिवारी, अनुराग पाण्डेय, आरोह शर्मा, अक्षय पाण्डेय, सूर्यप्रकाश तिवारी, पंकज तिवारी पिता योगेश तिवारी कोसमपाली रायगढ़,चंद्रकांत दुबे एवं आयुष दुबे, पार्थ तिवारी, शिवांश देव द्विवेदी, दुर्लभ पाण्डेय भाव्यांश पाण्डेय, शिवम द्विवेदी शामिल है । ब्राह्मण नारी नवचेतना मंच से वीना शर्मा, नीरा शर्मा, सीता पांडेय,जयश्री शर्मा, बीना दुबे, जयंती दुबे, नीलू पांडेय, गीता मिश्रा, आशा दुबे, निशा मिश्रा, अलका शर्मा,नीलू शर्मा, अनिता मिश्रा, किरण पांडेय, पूर्णिमा शर्मा, किरण शुक्ला, अनुराधा शुक्ला, डॉक्टर मीनाक्षी शर्मा, विद्योत्तमा गौरहा, प्राची पांडेय, प्रियंवदा पांडेय, शालिनी शर्मा,स्मृति गौरहा, नम्रता शर्मा, जूही गौरहा आयोजन की तैयारी में जुटे है।

# सफल विद्यार्थियों का मैडल व सर्टिफिकेट से सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

परमेश्वरी देवी शिक्षण समिति द्वारा संचालित परमेश्वरी पब्लिक स्कूल का 25 अप्रैल को कक्षा नर्सरी से दूसरी एवं 26 अप्रैल को कक्षा- तीसरी से नवमीं परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें सभी छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने माता-पिता और स्कूल का नाम गौरवान्वित किया।

संस्था में सत्र 2024-25 का वार्षिक परीक्षा घोषित किया गया, जिसमें कक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान आने वाले छात्र-छात्राओं को समिति सचिव कृष्ण कुमार देवांगन एवं संस्था प्रमुख एम विकास देवांगन द्वारा मैडल पहना कर एवं सर्टिफिकेट दे कर सम्मानित किया गया। जिसमें प्री-प्रायमरी में कक्षा नर्सरी में प्रथम स्थान हिमांशु चौहान, दूसरा स्थान लोकेश नवनीत तथा तीसरा स्थान देवेंद्र यादव, कक्षा के जी 1 में प्रथम स्थान श्रेया देवांगन, दूसरा स्थान विनिषा जायसवाल तथा तीसरा स्थान सोमिल साहू, कक्षा के जी 2 में प्रथम स्थान दीक्षा बरेठ, दूसरा स्थान मान्या



सम्मानित करते अतिथि।

देवांगन तथा तीसरा स्थान आराध्या कसेर ने प्राप्त किया। वहीं प्रायमरी में कक्षा पहली में प्रथम स्थान शिवानी बरेठ, दूसरा स्थान दृष्टि देवांगन तथा तीसरा स्थान काव्या पटेल, कक्षा दूसरी में प्रथम स्थान आरोन बघेल एवं योगिता देवांगन, दूसरा स्थान लिशा बरेठ तथा तीसरा स्थान हेजल जायसवाल, कक्षा तीसरी प्रथम स्थान नमन देवांगन दूसरा स्थान इलिना तारक पिता सोनू तारक तथा तीसरा स्थान चंचल यादव, कक्षा चौथी में प्रथम स्थान कविता केंवट, दूसरा स्थान वीर शर्मा तथा तीसरा स्थान शशांक चौहान, कक्षा पांचवी में प्रथम स्थान साक्षी गवेल, दूसरा स्थान कविता देवांगन तथा तीसरा स्थान रुचि पटेल ने प्राप्त किया। मिडिल स्कूल कक्षा छठवीं में प्रथम स्थान मान्यता देवांगन, दूसरा स्थान सोनम देवांगन एवं तीसरा स्थान योगिता यादव, कक्षा सातवीं में प्रथम स्थान संजना गबेल, दूसरा स्थान सृष्टि चंद्रा तथा तीसरा स्थान चेतना देवांगन, कक्षा आठवीं में प्रथम स्थान सुनैना जायसवाल, दूसरा स्थान जागृति साहू पतथा तीसरा स्थान मोनिका धीरहे ने प्राप्त किया। हाई में कक्षा नवमी में प्रथम स्थान संजय देवांगन, दूसरा स्थान अंकिता यादव तथा तीसरा प्रतिष्ठा जायसवाल ने प्राप्त किया। समिति सचिव कृष्ण कुमार देवांगन ने संस्था के सभी छात्र-छात्राओं को वार्षिक परीक्षा परिणाम में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर उज्जवल भविष्य की कामना की।

### समाज का हिस्सा राजनीतिक प्रकाश पुंज से दूरः यदु

**पामगढ़।** सरकार गठन के बाद विभिन्न आयोग व निगम के पदों पर नियुक्तियां जारी की जा रही हैं, लेकिन अभी तक छत्तीसगढ़िया समाज के एक बड़े हिस्सा को दूर रखा गया है, जिससे उपेक्षित करने के आरोप के साथ आक्रोश होना स्वाभाविक है। छत्तीसगढ़िया सर्व समाज महा संघ के प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु ने पत्र जारी कर मुख्यमंत्री व संगठन प्रमुखों को अवगत कराते हुए वंचित समाज को उचित स्थान देने की मांग किया है। वहीं गाड़ा समाज के द्वारा बाजा आयोग का गठन के मांग को रखते हुए वंचित समाजों में पनिका मानिकपुरी समाज, कोलता समाज, अहिरवार समाज, गडेरी समाज, राठौर समाज, यादव समाज, कहरा समाज, सारथी समाज, कंडरा बसोड समाज, नागरची समाज, धाकड़ समाज, देवांगन समाज, माली समाज को उचित स्थान देने का आग्रह किया गया है।

# जल संरक्षण व पक्षियों के चारे पानी को लेकर भाषण

**अकलतरा।** वेल विशर फाउंडेशन व जीत कोंचिंग के संयुक्त तत्वाधान में पानी संरक्षण एवं पक्षियों पशुओं के लिए चारे पानी के लिए जागरूक करने के लिए इस विषय को लेकर भाषण प्रतियोगिता कराया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व प्राचार्य पंकज केसरी ने कहा कि जीत कोचिंग सेंटर एवं वेल विशर फाउंडेशन द्वारा पानी बचाने व बेजुबान पक्षियों एवं पशुओं के लिए पानी की व्यवस्था के बारे में समाज के सभी वर्गो को अनवरत रूप से जागरूक किया जा रहा है। वेल विशर फाउंडेशन के सचिव चिराग शर्मा ने कहा कि सभी बच्चो को भाषण प्रतियोगिता के माध्यम से पानी बचाने व पशु पक्षियों के लिए चारा पानी की व्यवस्था के लिए जागरूक किया गया। वेल विशर फाउंडेशन के सदस्य



दीपक साहू ने बच्चो को पानी बचाने के टिप्स दि। कार्यक्रम में श्रीमती श्रीति चौधरी ने सभी बच्चो को बेहतरीन प्रस्तुति के लिए प्रोत्साहित किया और उनके द्वारा हमेशा जीवन मे अच्छे कार्य करने की बात कही। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालो बच्चो अवनिजा सिंह, यशा विश्वकर्मा, आर्यन देवांगन, शानवी अग्रवाल, भव्या जैन , आयशा खातून को वेल विशर फाउंडेशन व जीत कोचिंग द्वारा प्रशस्ति पत्र व उपहार देकर प्रोत्साहित किया गया। चिन्मय राहा ने आभार प्रदर्शन किया।

# मुस्लिम समाज ने आतंकवाद के विरोध में निकाली मौन रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

मुस्लिम समाज ने महबूब ख़ान के नेतृत्व में पहलगाम मे हुए शाहिदो को श्रद्धांजलि देने जामा मस्जिद सक्ती से अग्रसेन चौक तक मौन रैली निकाला और चौक में कैंडल मार्च किया, जिसमें उन्होंने शाहिदो को श्रद्धांजलि दी।

पहलगाम में हुए शहीदो को श्रद्धांजलि देने जामा मस्जिद सक्ती में 27 अप्रैल को अग्रसेन चौक तक मौन रैली निकाली। इस अवसर पर प्रतिभागियों ने आतंकवादी मुर्दाबादऔर पाकिस्तान मुर्दाबाद के बैनर उठाए। प्रदर्शनकारियों ने आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता का संदेश दिया और शांति एवं भाईचारे की आवश्यकता पर बल



मौन रैली में शामिल मुस्लिम समाज के लोग।

दिया। मजहब नहीं सिखाता आपस में बैर रखना हिंदी है हम वतन है हिंदुस्तान हमाराप्रतिभागियों ने एकजुट होकर अपने विचार साझा किए, यह बताते हुए कि आतंकवाद सिर्फ एक समस्या नहीं है, बल्कि हमें मिलकर इसका सामना करना होगा।इस अवसर पर मुस्लिम समाज के मुखिया महबूब खान, तैयब अली, हाजी वाहेद मास्टर ,नजीब मौलाना,हाजी जायसी, शम्स तमरेज खान (पप्पु), सोनू कुरैशी, असलम खान, रऊप खान अधिवक्ता, ताहेर खान पार्षद, इद्रीस कुरेशी, सकिल कुरेशी, इकबाल खान , बसीर खान, आबिद खान,साजिद खान, अब्दुल अनिक, काज़ी भाई, रीयाजुद्दीन, अरिफ खान, सोनू खान, पिंटू, साबा खान, अज़लाल खान, रज्जब खान,रज्जाक खान, जफर खान, मोइन खान , आरिफ खान,असलम खान, अमीन सेख, हफिज खान, आरिश खान,बबला खान, बिलाल खान, वारिस खान, रिजविन खान,सादिक खान, आवेश खान, कासिम खान, मुन्ना खान, जावेद खान, अब्दुल राजा खान, नौशाद खान, समसाद खान, साहिल खान , अहमद खान, चिंटू खान काफी संख्या में शामिल रहे।

# एनएसएस कार्यकर्ता वैदही ने जिला चिकित्सालय में की नेत्रदान की घोषणा

**चांपा।** छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय भिलाई के यूटीडी में बी टेक अंतिम वर्ष में अध्ययनरत छात्रा और राष्ट्रीय सेवा योजना की सक्रिय कार्यकर्ता वैदेही गुप्ता ने जिला चिकित्सालय जांजगीर में नेत्रदान हेतु निर्धारित घोषणा पत्र जमा कर नेत्रदान की घोषणा कर एक प्रेरणादायक पहल की।

नेत्रदान के इस संकल्प के साथ उन्होंने समाज में नेत्रदान के प्रति जागरूकता फैलाने का संदेश दिया।नेत्रदान घोषणा के अवसर पर जिला चिकित्सालय के चिकित्सा अधिकारीगण, स्टॉफ और कई सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे। वैदेही गुप्ता ने कहा कि नेत्रदान एक ऐसा पुण्य कार्य है जिससे किसी को नई रोशनी मिल सकती है। इस पहल की सराहना करते हुए अस्पताल प्रबंधन और एनएसएस इकाई ने वैदेही गुप्ता को



उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रदान किया। उन्होंने यह भी अपील की कि युवा वर्ग नेत्रदान जैसे पुनीत कार्यों में भाग लेकर समाज में सकारात्मक बदलाव लाएं। नेत्रदान जैसे महत्वपूर्ण विषय पर युवाओं की भागीदारी समाज में नई चेतना का संचार करती है और अंधकार से जूझ रहे लोगों के जीवन में प्रकाश लाने का माध्यम बनती है।

# पेंशनरों की समस्याओं के संबंध में वित्त मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**चांपा।** भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के राष्ट्रीय महामंत्री एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश के अध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव के निर्देशानुसारवित्त मंत्री ओ पी चौधरी के जांजगीर आगमन पर भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ जिला जांजगीर चांपा के अध्यक्ष परमेश्वर स्वर्णकार के नेतृत्व में पेंशनरों के प्रतिनिधि मण्डल ने भेंट किया और विविध समस्याओं के संबंध में उन्हें ज्ञापन सौंपा।

भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के प्रतिनिधि मण्डल ने यह मांग किया कि केन्द्र सरकार अपने पेंशनरों की महंगाई राहत में जुलाई 2024 में 3 प्रतिशत तथा जनवरी 2025 में 2 प्रतिशत की वृद्धि किया है। जबकि छत्तीसगढ़ सरकार अपने राज्य के पेंशनरों को महंगाई राहत देने में बहुत पीछे है। भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ की मांग है कि छत्तीसगढ़ सरकार अपने राज्य



वित्त मंत्री को ज्ञापन सौंपते पेंशनर्स संघ के पदाधिकारी।

के पेंशनरों तथा पेंशनर परिवार को केन्द्र के समान देय तिथि से क्रमशः 3 प्रतिशत एवं 2 प्रतिशतकुल 5 प्रतिशत महंगाई राहत प्रदान करे तथा एरियर्स राशि का भुगतान कर मोदी की गारंटी को पूर्ण करे।पेंशनर्स महासंघ की दूसरी और महत्वपूर्ण मांग यह है कि मध्यप्रदेश राज्य पुनर्गठन विधेयक 2000 की धारा 49(6) को तत्काल प्रभाव से विलोपित किया जावे। भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के प्रतिनिधि मण्डल वित्त मंत्री को बताया कि मध्यप्रदेश राज्य पुनर्गठन विधेयक 2000 की धारा 49(6) के कारण न केवल राज्य के पेंशनरों को नुकसान हो रहा है अपितु छत्तीसगढ़ राज्य सरकार को भी प्रतिवर्ष लगभग 200 करोड़ रुपए का वित्तीय घाटा हो रहा है। मध्यप्रेश राज्य पुनर्गठन 2000 की धारा 49(6) राज्य के पेंशनरों तथा सरकार दोनों के हित में नहीं है। जांजगीर चांपा लोकसभा क्षेत्र के सांसद श्रीमति कमलेश जांगड़े के माध्यम से प्रधान मंत्री को प्रेषित एक अन्य ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधि मण्डल में भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ जिला जांजगीर चांपा के अध्यक्ष परमेश्वर स्वर्णकार, मनहरण सिंह राजपूत,छोटे लाल देवांगन, बच्चा राम राठौर, हेमन्त कुमार सोनी, रामसेवक सोनी, डी डी गढ़े, ए आर घृतलहरे, अंबिकेश दत्त पाण्डेय, मूलचंद देवांगन, बी एस सिदार, आर एल लहरे ,आई पी मरकाम , बी एल बंजारे , बी एस जगत, परस राम गोंड आदि शामिल रहे।





